VENUS®
Enjoy Innovations

VRL/SEC/EXCHANGE 07.10.2025

| National Stock Exchange of India Ltd.<br>5th Floor, Exchange Plaza<br>Bandra (E),<br>Mumbai- 400 051<br>Script Code: VENUSREM | **BSE Limited**<br>25th Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers Dalal Street<br>Mumbai<br>**Script Code: 526953** |
|---|---|

**Sub.: Announcement under Regulation 30 (LODR)-Newspaper Publication**

**Dear Sir/ Madam,**

Please find enclosed herewith newspaper publication of notice to physical shareholders for transfer of physical shares as per SEBI circular dated 2nd July 2025.

Kindly take it on your record.

Yours faithfully,
for VENUS REMEDIES LIMITED

Neha Digitally signed by Neha Date: 2025.10.07 14:53:57 +05'30'

Neha
(Company Secretary)
M. No. F8374


## खबरों में रहे स्टॉक

### टाटा कम्युनिकेशंस





बीएफएसआई के ग्राहक परिवर्तन के लिए एआई प्लेटफॉर्म की शुरुआत
₹ 1,611.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,657.4 आज का बंद भाव
2.8 % ▲

### जाइडस लाइफसाइंसेज





डिफ्लैजाकोर्ट ओरल सस्पेंशन को यूएसएफडीए से मिली अंतिम मंजूरी
₹ 988.8 पिछला बंद भाव
₹ 994.3 आज का बंद भाव
0.6 % ▲

### केईसी इंटरनैशनल





विभिन्न कारोबारों में 1,102 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर हासिल किए
₹ 854.5 पिछला बंद भाव
₹ 857.5 आज का बंद भाव
0.4 % ▲

### बॉन्डाडा इंजीनियरिंग




ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के लिए बिहार सरकार से 64 करोड़ रुपये का ऑर्डर
₹ 384.3 पिछला बंद भाव
₹ 388.0 आज का बंद भाव
1.0 % ▲

### भारती एयरटेल




एयरटेल बिजनेस ने हासिल किया आईआरएसओसी के लिए बहु-वर्षीय अनुबंध
₹ 1,895.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,902.6 आज का बंद भाव
0.4 % ▲

## संक्षेप में

### फ्यूचर कंज्यूमर ने की 575.81 करोड़ की चूक

फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड (एफसीएल) ने शेयर बाजार को बताया कि 30 सितंबर, 2025 तक उसने कुल 575.81 करोड़ रुपये के ब्याज और मूलधन के भुगतान में चूक की है। कर्ज में डूबी फ्यूचर समूह की दैनिक उपयोग की वस्तुएं (एफएमसीजी) बेचने वाली इकाई एफसीएल ने 30 सितंबर, 2025 तक 303.35 करोड़ रुपये का ऋण नहीं चुकाया है। इसमें बैंक से लिए गए मूलधन और ब्याज, दोनों शामिल हैं। एफसीएल ने कहा कि कंपनी ने एनसीडी और एनसीआरपी जैसी गैर-सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों के माध्यम से जुटाए गए 272.46 करोड़ रुपये के कुल बकाया ऋण का भी भुगतान नहीं किया है। *भाषा*

### आईटीसी होटल्स और कुमार इन्फ्रा में करार

आईटीसी होटल्स ने सोमवार को बिहार के पटना में 140 कमरों वाले एक लग्जरी होटल के प्रबंधन के लिए कुमार इन्फ्रा होटल प्राइवेट लिमिटेड (केआईएचपीएल) के साथ पक्के समझौते पर हस्ताक्षर की घोषणा की। बिहार पर्यटन विकास पहल के तहत यह नई होटल परियोजना प्रतिस्पर्धी सरकारी बोली प्रक्रिया का हिस्सा थी। इसे केआईएचपीएल ने हासिल किया था और होटल संचालक के रूप में आईटीसी होटल्स को चुना गया। यह परियोजना 1.5 एकड़ के क्षेत्र में फैली है, जिससे कंपनी को राज्य में अपने लक्जरी होटल पोर्टफोलियो का विस्तार करने में मदद मिलेगी। *भाषा*

### जिंदल स्टेनलेस की निर्माण इकाई स्थापित

जिंदल स्टेनलेस ने महाराष्ट्र में 125 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश से इस्पात विनिर्माण इकाई स्थापित करने की सोमवार को जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि देश में उन्नत बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता के लिए इस इकाई में पुल के 'गर्डर' सहित अन्य महत्वपूर्ण घटक बनाए जाएंगे। वित्त वर्ष 2026-27 तक इकाई के 18,000 टन की वार्षिक निर्माण क्षमता हासिल करने की उम्मीद है, जो चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 4,000 टन से अधिक है। इसका मकसद टिकाऊ, उच्च गुणवत्ता वाले पुल से जुड़े बुनियादी ढांचे की बढ़ती मांग को पूरा करना है। *भाषा*

**नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार की तैयारी**

# अदाणी करेगा और निवेश

**देव चटर्जी**
नवी मुंबई, 6 अक्टूबर



**30,000 करोड़ रुपये का होगा अतिरिक्त निवेश**

- बुधवार को प्रधानमंत्री करेंगे नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन
- दिसंबर में शुरू करने वाला है हवाई अड्डे पर यात्री परिचालन
- दूसरे चरण के टर्मिनल के लिए डिजाइन का काम पहले ही शुरू हो चुका है और उम्मीद की जा रही है कि यह साल 2029 तक चालू हो जाएगा
- पूरा होने के बाद नवी मुंबई हवाई अड्डे की कुल क्षमता प्रति वर्ष 9 करोड़ यात्रियों की होगी और क्षमता के लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा

अदाणी समूह नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विस्तार करने के लिए 30,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की योजना बना रहा है। हवाई अड्डे का परिचालन दिसंबर में शुरू करने वाला है। अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इस हवाईअड्डे के उद्घाटन से पहले यह जानकारी दी।

समूह इस नए हवाई अड्डे के विकास पर पहले ही लगभग 20,000 करोड़ रुपये का निवेश कर चुका है और दूसरे टर्मिनल के डिजाइन का काम शुरू कर चुका है। नया निवेश विस्तार के अगले चरण के लिए पैसा मुहैया कराएगा। कंपनी को उम्मीद है यह चरण साल 2029 तक पूरा हो जाएगा।

अदाणी एयरपोर्ट्स के अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, 'दूसरे चरण के टर्मिनल के लिए डिजाइन का काम पहले ही शुरू हो चुका है और हमें उम्मीद है कि यह साल 2029 तक चालू हो जाएगा।' कंपनी अगले चरण के लिए ऋण और इक्विटी दोनों तरह से रकम जुटाने की योजना बना रही है। हालांकि अदाणी समूह इस एयरपोर्ट होल्डिंग कंपनी को सूचीबद्ध करने की योजना बना रहा है, लेकिन अधिकारी ने इसकी कोई समयसीमा नहीं बताई। इस परियोजना में महाराष्ट्र सरकार की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि शेष हिस्सेदारी अदाणी समूह के पास है।

पूरा होने के बाद नवी मुंबई हवाई अड्डे की कुल क्षमता प्रति वर्ष 9 करोड़ यात्रियों की होगी। इस तरह क्षमता के लिहाज से यह भारत का सबसे बड़ा हवाईअड्डा बन जाएगा। पहला चरण एक ही रनवे के साथ संचालित होगा और पहले दिन से ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों के लिए सालाना 2 करोड़ यात्रियों को संभालेगा। पहले चरण का उद्घाटन इस सप्ताह होने वाला है।

नए हवाईअड्डे पर परिचालन के लिए हवाईअड्डे ने पहले ही अकासा एयर, इंडिगो और एयर इंडिया के साथ करार कर लिया है। अधिकारी ने कहा, 'हम अकासा, इंडिगो और एयर इंडिया के साथ अपनी साझेदारी का ऐलान पहले ही कर चुके हैं, जिससे पहले चरण में हमारी क्षमता लगभग पूरी हो जाएगी।' शुरुआती चरण में प्रति घंटे लगभग 20 से 23 विमानों की आवाजाही होगी और परिचालन स्थिर होने पर इसे बढ़ाने की सुविधा होगी।

हवाई अड्डे के साथ कनेक्टिविटी ध्यान दिए जाने वाला प्रमुख क्षेत्र रहा है। अधिकारी ने बताया कि हाल में खुला अटल सेतु दक्षिण मुंबई और नवी मुंबई के बीच यात्रा का वक्त घटाकर 20 मिनट कर देता है। मेट्रो लिंक और मुंबई व हैदराबाद के बीच प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के जरिये अतिरिक्त कनेक्टिविटी की योजना बनाई जा रही है जो हवाई अड्डे के पूर्वी हिस्से के पास से गुजरेगा।

अधिकारियों ने बताया कि दूसरे चरण में एक बड़ा कार्गो टर्मिनल और 5 बड़े हैंगरों वाला देश का सबसे बड़ा रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) केंद्र शामिल होगा। दूसरे चरण से 3 करोड़ यात्रियों की क्षमता जुड़ेगी। पूरी तरह विकसित होने पर इस हवाई अड्डे का कार्गो टर्मिनल सालाना 38 लाख टन माल संभालने में सक्षम होगा, जिससे नवी मुंबई देश के सबसे बड़े कार्गो केंद्रों में से एक बन जाएगा।

# नवरात्र में मर्सिडीज बेंज ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

**सोहिनी दास**
मुंबई, 6 अक्टूबर



**देश** में सबसे ज्यादा बिकने वाले लग्जरी कार ब्रांड मर्सिडीज बेंज इंडिया ने नवरात्र के नौ दिनों में 2,500 से ज्यादा कारों की बिक्री करते हुए त्योहार के दौरान अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की। कंपनी ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ताओं के मनोबल को बढ़ावा मिला। इस कारण सितंबर महीने की कंपनी की अब तक की सबसे अच्छी बिक्री रही और साथ ही दूसरी तिमाही में 5,119 गाड़ियों की बिक्री के साथ अब तक की सर्वाधिक बिक्री रही।

सितंबर की बिक्री में 36 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ। हालांकि वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में बिक्री वृद्धि सपाट रही क्योंकि तिमाही के पहले दो महीने के दौरान बिक्री में गिरावट देखी गई थी।

मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी संतोष अय्यर ने कहा, 'जीएसटी दरों में सही समय पर हुई कटौती ने निश्चित ही ग्राहकों का मनोबल बढ़ाया है, क्योंकि प्रतिकूल विदेशी मुद्रा विनिमय, परिचालन की बढ़ती लागत जैसी व्यापक आर्थिक चुनौतियों के कारण कारों की कीमतें बढ़ रही हैं। हमें उम्मीद है कि यह उत्साह शेष त्योहारी सीजन में भी रहेगा। हम बाजार के रुझानों पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं और सतर्कता के साथ आशावादी बने हुए हैं।'

जुलाई और अगस्त के दौरान बिक्री में गिरावट रही। 15 अगस्त के बाद बिक्री तकरीबन ठप ही हो गई, क्योंकि ग्राहकों ने खरीदारी रोक ली। अय्यर ने कहा कि उसके बाद फिर से उछाल आना और तिमाही का समापन अब तक की सबसे अच्छी तिमाही बिक्री के साथ होना बड़ी उपलब्धि है। मर्सिडीज ने जीएसटी का पूरा लाभ ग्राहकों को दिया है, जिससे कीमतों में औसतन 6 प्रतिशत की कमी आई है।

मूचे वर्ष के नजरिये में काफी ज्यादा बदलाव नहीं है। मर्सिडीज ने पहले साल 2025 के लिए स्थिर वर्ष का अनुमान लगाया था और विदेशी मुद्रा दर में उतार-चढ़ाव तथा इनपुट लागत में इजाफे की वजह से कंपनी वर्ष के दौरान अब तक 3 बार दाम बढ़ोतरी भी कर चुकी है। अय्यर ने कहा, 'हम हालात पर करीब से नजर रखे हुए हैं और अगले साल दिसंबर के आसपास कीमतों पर फैसला करेंगे।'

अप्रैल और सितंबर 2025 के बीच मर्सिडीज ने देश में 9,357 गाड़ियां बेचीं, जो पिछले साल की तुलना में 4 प्रतिशत ज्यादा है।

उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि धनतेरस और दीवाली जैसे आगामी त्योहारों के साथ त्योहारी खरीद का यह उत्साह अक्टूबर में भी जारी रहेगा, जिनमें सामान्य रूप से ग्राहकों की उत्साहपूर्ण खरीदारी होती है। हालांकि सभी मॉडलों की मांग जोरदार रही। लेकिन हमने लॉन्ग व्हीलबेस ईक्लास, जीएलसी, जीएलई, जीएलएस और जी63 एएमजी एसयूवी जैसे प्रमुख मॉडलों की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज की।'

**आपूर्ति जोखिम बढ़ने की चिंता के बीच ...**

# ओला इलेक्ट्रिक ने बनाई बगैर दुर्लभ मैग्नेट वाली मोटर

**पीरजादा अबरार**
बेंगलूरु, 6 अक्टूबर




कंपनी को फेराइट मोटर के लिए सरकार की मंजूरी मिली है

**ओला** इलेक्ट्रिक को एक ऐसी मोटर के लिए सरकारी प्रमाणन मिला है जो इलेक्ट्रिक स्कूटरों में दुर्लभ मैग्नेट की जरूरत दूर करती है। इससे भारत की सबसे बड़ी इस इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी की लागत और आपूर्ति-श्रृंखला पर निर्भरता घट सकती है। स्वदेशी तौर पर विकसित इस फेराइट मोटर को तमिलनाडु के एक परीक्षण केंद्र से प्रमाणन मिला और सरकार के अनिवार्य परीक्षणों में पारंपरिक दुर्लभ मैग्नेट वाली मोटरों के प्रदर्शन की बराबरी की।

कंपनी की योजना इस टेक्नॉलजी को अपने प्रोडक्ट लाइनअप में शामिल करने की है। इससे वह लागत और सोर्सिंग संबंधी उन चुनौतियों का हल कर सकेगी जो कीमत के प्रति संवेदनशील भारतीय बाजारों में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में बाधा डालती रही हैं।

कंपनी ने एक बयान में कहा, 'यह प्रमाणन ग्लोबल ऑटोमोटिव रिसर्च सेंटर, तमिलनाडु ने दिया है और इसे फेराइट मोटर के सख्त प्रदर्शन सत्यापन और एआईएस 041 के अनुरूप अनिवार्य मोटर पावर टेस्ट से गुजरने के बाद दिया गया है।'

परीक्षणों से पता चला कि ओला इलेक्ट्रिक द्वारा स्वदेशी तौर पर विकसित फेराइट मोटर का प्रदर्शन 7 किलोवाट और 11 किलोवाट वेरिएंट के लिए शुद्ध पावर के संदर्भ में दुर्लभ मैग्नेट युक्त मोटरों के बराबर रहा है।

ओला ने कहा कि फेराइट मोटर दुर्लभ मैग्नेट युक्त मोटरों के बराबर दक्षता, प्रदर्शन में सक्षम है। साथ ही इससे लागत में बड़ी कमी आएगी और यह आपूर्ति श्रृंखला में उतार-चढ़ाव के जोखिमों को कम करेगी। कंपनी ने इस साल अगस्त में अपने वार्षिक 'संकल्प 2025' कार्यक्रम में पहली बार अपनी फेराइट मोटर पेश की थी।

इस प्रमाणन के साथ ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि वह अपने प्रोडक्ट लाइनअप में फेराइट मोटर को शामिल करना शुरू कर देगी, जिससे लाखों भारतीय उपभोक्ताओं के लिए प्रदर्शन, सामर्थ्य और स्थिरता में और वृद्धि होगी।

यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार तनाव के कारण वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्ति श्रृंखला, विशेष रूप से ईवी बैटरी सेल के उत्पादन में बाधा पैदा का खतरा बना हुआ है।

इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण उन दुर्लभ धातुओं पर ज्यादा निर्भर है जिनका उपयोग कई महत्त्वपूर्ण घटकों में किया जाता है। इनमें इलेक्ट्रिक मोटर भी शामिल है, जो विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक शक्ति में परिवर्तित करने वाला प्रमुख तत्व है। अधिकांश इलेक्ट्रिक वाहन मोटरें नियोडिमियम से बने मैग्नेट पर निर्भर करती हैं।

# भारतीय दवा बाजार में 7.3% की वृद्धि

**अंजलि सिंह**
मुंबई, 6 अक्टूबर

**फामरैक** के आंकड़ों में कहा गया है कि भारतीय दवा बाजार (आईपीएम) ने सितंबर में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। बाजार की कुल बिक्री सितंबर में 20,886 करोड़ रुपये तक पहुंच गई जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक है।

मधुमेह-रोधी, हृदय और श्वसन संबंधी चिकित्साओं ने इस वृद्धि को रफ्तार दी। हृदय संबंधी दवाओं का मूल्य 13 प्रतिशत बढ़कर 2762 करोड़ रुपये हो गया जबकि मधुमेह-रोधी दवाओं की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 1889 करोड़ रुपये हो गई। इससे दीर्घावधि देखभाल चिकित्साओं की मजबूत मांग का पता चलता है। श्वसन संबंधी उपचारों की बिक्री में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और बिक्री 1,703 करोड़ रुपये तक पहुंच गई जो इन्हेलर तथा इससे संबंधित दवाओं की बढ़ती जरूरत को दर्शाता है। अन्य चिकित्सा सेगमेंट ने भी भारतीय दवा बाजार के प्रदर्शन में सकारात्मक योगदान दिया। एंटी-नियोप्लास्टिक दवाओं में 16 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि देखी गई, यूरोलॉजी दवाएं 14 प्रतिशत से अधिक बढ़ीं और वैक्सीन की मात्रा में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

भारतीय खाद्य निगम
Food Corporation of India
16-20, Barakhamba Lane, New Delhi-110001
FUNDS DIVISION

अल्पावधि ऋण हेतु आमंत्रण का प्रस्ताव

भारतीय खाद्य निगम द्वारा ,आवश्यकता पड़ने पर, 3 माह की समयावधि हेतु अनुसूचित बैंकों से अल्पावधि ऋण के माध्यम से रु° 50,000 करोड़ की राशि (रु° 75,000 करोड़ तक के ग्रीन शू ऑप्शन के साथ) उधार लेने हेतु विचार किया जा रहा है । अधिक जानकारी के लिए **'https://eprocure.gov.in/eprocure/app'** और **'https://fci.gov.in/headquarter/tender'** देखें। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 24.10.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक है।

**मुख्य महाप्रबंधक (निधि)**
**टेली न° 011-43527592**

VENUS
Enjoy Innovations

**शेयरधारकों के लिए सूचना**

**सूचना - भौतिक शेयर हस्तांतरण के लिए स्पेशल विंडो**

सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी/पी/सीआईआर/2025/97 दिनांक 02.07.2025 के अनुसार, हस्तांतरण विलेखों, जो दिनांक 01.04.2019 से पहले दर्ज किए गए थे, लेकिन कमियों के कारण अस्वीकार कर दिए गए/वापस कर दिए गए/अनदेखा कर दिए गए थे, को पुनः दाखिल करने के लिए एक विशेष विंडो दिनांक 06.01.2026 तक खुली है।

उचित प्रक्रिया के उपरांत इस तरह की प्रतिभूतियों को सिर्फ डिमैट प्रारूप में हस्तांतरित किया जाएगा। अपेक्षित दस्तावेज एवं मूल शेयर सर्टिफिकेटों के साथ अनुरोध पत्र कंपनी के आरटीए के समक्ष प्रस्तुत करें।

आरटीए से संपर्क का विवरणः एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्रा. लि., नोबल हाइट्स, पहली मंजिल, प्लॉट एनएच-2, सी-1 ब्लॉक एलएससी, सावित्रि मार्केट के निकट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, दूरभाषः 011-49411000 । ईमेलः investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com.

जिन शेयरधारकों ने अब तक अपने पात्र भौतिक शेयरों का रुपांतरण नहीं किया है, उन्हें इस अंतिम अवसर का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है।

कृते वीनस रेमेडीज लिमिटेड
हस्ता/- (नेहा)
कंपनी सचिव
सदस्यता सं.: एफ8374

स्थान : पंचकुला
तारीख : 06.10.2025

**वीनस रेमेडीज लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः एससीओ 857, केबिन सं. 10, दूसरी मंजिल, एनएसी मनीमाजरा, चंडीगढ़ (यू.टी.) 160101, भारत
कॉरपोरेट कार्यालय : 51-52, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, पंचकुला, हरियाणा-134113, भारत
CIN: L24232CH1989PLC009705, दूरभाषः 0172-2933090, 2933094
ईमेलः complianceofficer@venusremedies.com; वेबसाइटः www.venusremedies.com

# इलाई लिली लगाएगी 1 अरब डॉलर

**संकेत कौल**
नई दिल्ली, 6 अक्टूबर



**भारत में अनुबंध निर्माण को बढ़ावा देने पर रहेगा कंपनी का जोर**

**अमेरिकी** फार्मा कंपनी इलाई लिली ने स्थानीय दवा निर्माताओं के जरिये अनुबंध निर्माण और आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए अगले कुछ वर्षों के दौरान भारत में 1 अरब डॉलर से अधिक निवेश की घोषणा की है। कंपनी अपने वैश्विक निर्माण का दायरा बढ़ाने के लिए कुशल कर्मियों पर ध्यान दे रही है।

इस निवेश में हैदराबाद में एक निर्माण और वैश्विक दवा आपूर्ति केंद्र की स्थापना शामिल है। कंपनी ने कहा, 'यह नया केंद्र पूरे भारत में लिली के अनुबंध निर्माण नेटवर्क के लिए उन्नत तकनीकी क्षमताएं और निगरानी प्रदान करेगा।'

इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में कुशल प्रतिभा पूल का लाभ उठाकर कंपनी के वैश्विक विनिर्माण विकास को मजबूत बनाना तथा दुनियाभर के मरीजों को दवाइयां उपलब्ध कराना है। कंपनी ने कहा, 'इन सुविधाओं और निवेश से मधुमेह और मोटापे, अल्जाइमर रोग, कैंसर और इम्युनिटी संबंधित समस्याओं के इलाज के लिए संभावित नई दवाओं के विकास को बढ़ावा मिलेगा।'

लिली ने कहा कि इसके लिए भर्ती तुरंत शुरू होगी, जिसमें इंजीनियर, केमिस्ट, विश्लेषणात्मक वैज्ञानिक, गुणवत्ता नियंत्रण और एश्योरेंस पेशेवर तथा प्रबंधन पदों के लिए रिक्तियां होंगी।

फार्मा कंपनी की भारत में लंबे समय से उपस्थिति रही है, जिसमें गुरुग्राम में एक वाणिज्यिक साइट और बेंगलूरु और हैदराबाद में विशेष साइटें शामिल हैं जो वैश्विक नवाचार का समर्थन करने वाले केंद्र के रूप में काम करती हैं।

हैदराबाद में यह नया निवेश शहर में एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) के उद्घाटन के ठीक एक साल बाद हुआ है। दवा निर्माता कंपनी पहले ही वैश्विक स्तर पर सुविधाओं के निर्माण, विस्तार और अधिग्रहण के लिए 55 अरब डॉलर का निवेश कर चुकी है।

इलाई लिली के कार्यकारी उपाध्यक्ष और लिली इंटरनैशनल के अध्यक्ष पैट्रिक जॉनसन ने कहा कि कंपनी दुनिया भर में विनिर्माण और दवा आपूर्ति क्षमता बढ़ाने के लिए बड़ा निवेश कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मरीजों को उनकी जरूरत की दवाएं मिल सकें।

### इमेजिन मार्केटिंग मुनाफे में लौटी

**बोट** ब्रांड की मूल कंपनी इमेजिन मार्केटिंग वित्त वर्ष 2024-25 में 60 करोड़ रुपये के एकीकृत शुद्ध लाभ के साथ फिर से मुनाफे में लौट आई है। इससे पहले दो वित्त वर्ष में उसे घाटा हुआ था। यह ईयरफोन, हेडफोन ब्रांड ब्रांड बोट की मूल कंपनी है। इमेजिन मार्केटिंग को वित्त वर्ष 2023-24 में 79.7 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2022-23 में 129.5 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, 'यह बदलाव श्रेणी नेतृत्व, उत्पाद नवाचार और अनुशासित लागत नियंत्रण के कारण संभव हो पाया है।' *भाषा*

# वी के घटे, बीएसएनएल के बढ़ रहे ग्राहक

**बीएस संवाददाता**
नई दिल्ली, 6 अक्टूबर

**कर्ज** तले दबी निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया (वी) की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के ग्राहक आंकड़ों के अनुसार, आर्थिक संकटों का सामना कर रही वी के ग्राहक लगातार कम हो रहे हैं और अगस्त में 3 लाख से ज्यादा ग्राहकों ने इसके नेटवर्क का दामन छोड़ दिया। दूसरी ओर, बाजार की दिग्गज रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने 19.49 लाख और भारती एयरटेल 4.96 लाख वायरलेस ग्राहक जोड़कर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है।

सरकारी दूरसंचार सेवा प्रदाता भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने कुल 13.85 लाख वायरलेस सेवा उपयोगकर्ता जोड़े, जो मासिक वृद्धि के लिहाज से सभी घरेलू दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के मुकाबले 1.53 फीसदी है। कंपनी ने हाल ही में पूरे भारत में 4जी नेटवर्क शुरू किया है और अगले छह से आठ महीनों में अपने उपयोगकर्ताओं के लिए 5जी नेटवर्क पूरी तरह से शुरू करने की उम्मीद कर रही है।

# महिंद्रा: पूरी रफ्तार से दौड़ रही बोलेरो की उत्पादन क्षमता

**अंजलि सिंह**
मुंबई, 6 अक्टूबर

**महिंद्रा** ऐंड महिंद्रा ने अपनी बोलेरो की प्रति माह लगभग 9,000 वाहन उत्पादन क्षमता का पूरा उपयोग कर लिया है। अब वह इस एसयूवी की निरंतर मांग को पूरा करने के लिए अपने आगामी 2,40,000 वाहन वाले न्यू आईक्यू प्लेटफॉर्म के तहत उत्पादन बढ़ाने की योजना बना रही है।

कंपनी ने बोलेरो मॉडल की कीमतों में भी कटौती की है। इससे पूरे पोर्टफोलियो की कीमत 10 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से कम हो गई है। इसे जीएसटी 2.0 बदलावों से मदद मिली है और महिंद्रा ने इसका लाभ 22 सितंबर से इसके आधिकारिक तौर पर लागू होने से पहले ग्राहकों को दे दिया था।

शुरुआती मॉडलों के मामले में बोलेरो बी4 की कीमतों में 80,000 रुपये की सबसे ज्यादा कमी देखी गई है। बोलेरो नियो एन4 की कीमतों में 43,000 रुपये तक की गिरावट आई है। महंगी श्रेणी वाले मॉडल की बात करें तो शीर्ष मॉडल बोलेरो बी6 (ओ) और बोलेरो नियो एन10 की कीमतों में क्रमशः 69,000 रुपये और 50,000 रुपये तक की कटौती की गई है।

स्वतंत्रता दिवस पर पेश किया गया नया आईक्यू आर्किटेक्चर कई बॉडी स्टाइल, इंजन और वाहन के आकार में लचीलापन प्रदान करता है और भविष्य की एसयूवी का आधार बनेगा।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब शुरुआती स्तर वाले एसयूवी बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है और कंपनियां बाजार हिस्सेदारी के लिए आक्रामक रूप से होड़ में लगी हैं। यहां तक कि सिट्रोन जैसे पारंपरिक रूप से इस क्षेत्र से बाहर वाले ब्रांड 4-मीटर से कम वाले मॉडलों की पेशकश नहीं करने के बावजूद अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दामों के साथ सामने आए हैं। इससे शुरुआती मूल्य स्तर पर मांग वृद्धि का संकेत मिलता है।

**चंडीगढ़ संस्करण** : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ आइडिया को वर्किंग, तृतीय तल, एस.सी.ओ 32, 33, 34 सेक्टर-17-सी, चंडीगढ़-160017 से प्रकाशित एवं इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
स्वामित्व : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें - सुश्री मानसी सिंह, हेड-कस्टमर रिलेशन्स। बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल : subs_bs@bsmail.in या 57575 पर REACHBS एसएमएस करें। कोई हवाई अधिभार नहीं

## M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

(Govt. of M.P. Undertaking)

Nishtha Parisar, Bijalee Nagar, Govindpura, Bhopal-23, Ph. : 0755-2602033-36, Fax : 2589821, 2586636

Ref. :- MD/MK/04/NIT/2615 Date : 06.10.2025

### TENDER NOTICE

MPMKVVCL, Bhopal, invites bids through e-tendering.

| Tender Specification Number | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Fee including GST (in Rs.) | Date of Pre-Bid Conference | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| MD/MK/04/ 1223 | Tender for Supply, Installation, Integration, Migration of Software/ Licenses at MPMKVVCL, Bhopal for WFMS, SSO & Other solutions under Revamped Distribution Sector Scheme (RDSS). | 1331.60 | 11800/- | 16.10.2025 03.00 PM | 29.10.2025 03:00 PM |

Other details and full Tender documents would be available on Company website **https://portal.mpcz.in** & Govt. Website **https://mptenders.gov.in** shortly.

M.P. Madhyam/122442/2025 **CHIEF GENERAL MANAGER (PROC.)**

---

**PUNJAB FINANCIAL CORPORATION, CHANDIGARH**

**CORRIGENDUM**

Refer to our e-Auction Sale Notice published in Business Standard & Desh Sewek dated 26.09.2025 & 29.09.2025. Now Please read the date of e-Auction as 15.10.2025, Last date for Deposit of Mandatary Document as 14.10.2025, & Last date for Deposit of EMD as 13.10.20525. Rest all Terms & Condition will remain the same .

**Authorised Officer**

---

## भारतीय खाद्य निगम
## Food Corporation of India

**16-20, Barakhamba Lane, New Delhi-110001**
**FUNDS DIVISION**

**INVITATION OF OFFER FOR SHORT TERM LOAN**

FCI intends to raise Rs.50,000 crore (with green shoe option of upto Rs.75,000 crore) through Short Term Loan, as and when required, from Scheduled Banks for 3 month maturity. For more detail, visit **'https://eprocure.gov.in/eprocure/app'** and **'https://fci.gov.in/headquarter/tender'**. The last date of submission of offer is 24.10.2025 till 05:00 PM.

**Chief General Manager (Funds)**
**Telephone No.- 011-43527592**

---

## TRUHOME FINANCE LIMITED

**(Formerly Known As Shriram Housing Finance Limited)**

Truhome FINANCE

**Reg.Off.:** Srinivasa Tower, 1st Floor, Door No. 5, Old No.11, 2nd Lane, Cenatopha Road, Alwarpet,Teynampet, Chennai-600018
**Head Office.** Level 3, Wockhardt Towers, East Wing C-2 , G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai-400051
**Website:** http://www.truhomefinance.in

### POSSESSION NOTICE

Whereas, The undersigned being the authorised officer of Truhome Finance Limited (Formerly Shriram Housing Finance Limited) under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (54 of 2002) and in exercise of powers conferred under Section 13(12) read with (Rule 3) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued demand notice to the Borrowers details of which are mentioned in the table below to repay the amount mentioned in the notice within 60 days from the date of receipt of the said notice.

[The Borrowers having failed to repay the amount, notice is hereby given to the Borrower and the public in general that the undersigned has taken POSSESSION of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under Sub Section (4) of section 13 of Act read with rule 8 of the security Interest enforcement) rules, 2002 on this 04TH Day of October of the year 2025.

The Borrower in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of Truhome Finance Limited (Formerly Shriram Housing Finance Limited) for an amount as mentioned herein below and interest thereon.

[The borrower's attention is invited to provisions of sub-section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.]

**Borrower's Name and Address**

**Mr. Shaid Ali S/o Ishraj Ali & Mrs. Farjana W/o Shaid Ali**
**All R/o Plot. No – 11-A, Saini Vihar, Phase-4, Near Parvati Enclave, Baltana, Zirakpur, Tehsil-Dera Bassi, Distt-S.A.S Nagar (Mohali), Punjab.140603. Mob No-9780311687. & H.No – 345, Gali No-9, Sector-4, Haripur, Panchkula, Tehsil & Distt-Panchkula, Haryana.134112.&**
**M/s Shaid Tea Stall Sector-10, Block-1, Near Police Station, Panchkula, Tehsil & Distt-Panchkula, Haryana.134109. &**
**H.No – 974, Sector-10, Panchkula, Tehsil & Distt-Panchkula, Haryana.134109. Mob No-9888649887**

**Amount due as per Demand Notice**

**Rs.29,31,355/-(Twenty Nine Lakh Thirty One Thousand Three Hundred Fifty Five Only) due and payable as on 10-February-2025 under Loan account No SHLHCNDR0001017 along with further interest as mentioned hitherto and incidental expenses, costs etc.**
**DEMAND NOTICE DATED: 07.02.2025**
**PHYSICAL POSSESSION DATED: 04.10.2025, Date of NPA – 03-02-2025**

**Description of Mortgaged Property**

**All that piece and parcel of one residential house/property/land/Flat/Property/House No.11-A, admeasuring (15'-03"*50'= 85 Sq.Yds), comprised under Khasra No.1239/71(3-5), 1240/71(1-12), 2016/72(1-7), 2018/124-42/73(2-7), 1204/74(0-4), 1203/74(2-16), 1205/75(0-4), 1257/86(3-0), 1206/75(3-16) and so on bearing Khewat/Khatoni No.36/144, Kita 15 land 28 Bigha 00 Biswa share to the extent of 34/11200 i.e. 00 Bigha 01 Biswa 14 Biswasi, as per Jamabandi for the year 2017-2018, Situated at Saini Vihar,Phase-4,village Baltana, HB.No-47, MC & Sub Tehsil Zirakpur, Tehsil Derabassi, Distt-S.A.S Nagar, Mohali, Punjab. Which is measuring and bounded as under. BOUNDED AS PER SITE: NORTH: ROAD WIDE 28' ADM 15'-3" SOUTH: P/O OTHER ADM 15'-3", EAST: P/O PARVEEN KUMAR ADM 50', WEST: VACANT PLOT ADM 50'**

Place : Mohali (Punjab)
Date : 04/10/2025

Sd/- Authorised Officer- Truhome Finance Limited
(Earlier Known as Shriram Housing Finance Limited)

---

VENUS Enjoy Innovations

### NOTICE TO SHAREHOLDERS

**NOTICE - SPECIAL WINDOW FOR PHYSICAL SHARE TRANSFER**

As per SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated 02.07.2025, a six-month special window is open till 06.01.2026 for re-lodgement of transfer deeds lodged before 01.04.2019 but rejected/ returned/ not processed due to deficiencies.

All such securities will be transferred only in demat form after due process. Submit requests with requisite documents and original share certificates to the Company's RTA.

RTA Contact: MUFG Intime India Pvt. Ltd., Noble Heights, 1st Floor, Plot NH-2, C-1 Block LSC, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi-110058. Tel: 011-49411000 | Email: Investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com.

Shareholders who have not yet converted their eligible physical shares are advised to utilize this final opportunity.

Place: Panchkula
Date: 06.10.2025

For Venus Remedies Limited
SD/- (Neha)
Company Secretary
M. No. : F8374

## VENUS REMEDIES LIMITED

**Regd. Office: SCO 857, Cabin No. 10, 2nd Floor, NAC Manimajra, Chandigarh (U.T.) 160101, India**
**Corporate Office: 51-52, Industrial Area, Phase-1, Panchkula, Haryana - 134113, India**
**CIN: L24232CH1989PLC009705, Phone: 0172-2933090, 2933094**
**Email ID: complianceofficer@venusremedies.com, Website: www.venusremedies.com**

---

Mahindra LIFESPACES

## Mahindra Lifespace Developers Limited

CIN - L45200MH1999PLC118949 Tel.: 022-67478600
Email id- investor.mldl@mahindra.com Website: www.mahindralifespaces.com
Registered Office :- Mahindra Towers, 5th Floor, Worli, Mumbai - 400018

### NOTICE OF POSTAL BALLOT AND EVOTING INFORMATION

Members of the Company are hereby informed that, pursuant to the provisions of Section 110 read with Section 108 of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with the Companies (Management and Administration) Rules 2014 (Rules), and other applicable provisions, if any of the Act, Rules, Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Secretarial Standard-2 on General Meetings issued by the Institute of Company Secretaries of India and such other applicable laws, rules & regulations, circulars, notification (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof, for the time being in force), Mahindra Lifespace Developers Limited ("the Company") has completed dispatch of Postal Ballot Notice along with explanatory statement ("Postal Ballot Notice") on 6th October, 2025 for seeking consent of the Members through remote e-voting on following special business:

| Sr. No. | Description of Resolution | Category |
|---|---|---|
| 1 | Approval for Material Related Party Transaction(s) for acquisition of stake held by Actis Mahi Holdings (Singapore) Private Limited (AMHSPL) in Mahindra Homes Private Limited, subsidiary of the Company | Ordinary Resolution |

In compliance with the applicable Circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs from time to time, the Postal Ballot Notice and instructions for e-voting has been sent only through email to all those Members whose email address are registered with the Company / KFin Technologies Limited ('KFin'), the Registrar and Share Transfer Agent of the Company ('RTA') or Depository / Depository Participants and whose names appear in the Register of Members of the Company or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on Friday, 3rd October, 2025 ("cut-off date"). The Postal Ballot Notice is also available on Company's website at link: https://www.mahindralifespaces.com/investor-center/?category=postal. Website of Stock Exchange's i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the website of National Securities Depository Limited (NSDL) at www.evoting.nsdl.com. The Postal Ballot Notice is being initiated in compliance with the Act read with applicable Circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs from time to time.

In compliance with the requirements of the Act read with applicable Circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs from time to time, physical copy of Postal Ballot Notice along with Postal Ballot Forms and pre-paid business envelope will not be sent to the Members for this Postal Ballot and Members are required to communicate their assent or dissent i. e. cast their vote through the remote e-voting system only. The Company has engaged the services of National Securities Depository Limited (NSDL) as the agency to provide e-voting facility.

Remote e-voting period shall commence on Tuesday, 7th October, 2025, (9:00 A.M. IST) and end on Wednesday, 5th November, 2025 (5.00 P.M. IST) (both days inclusive). The remote e-voting module shall be disabled by NSDL for voting after the end of remote e-Voting and will not be allowed beyond the said date and time. Please cast your vote by accessing NSDLs e-voting module at: https://www.evoting.nsdl.com/.

Detailed instructions for remote e-voting are provided in the Postal Ballot Notice at note no. 13. Members are requested to read the instructions carefully as set out in the Postal Ballot Notice while expressing their assent or dissent and cast vote through remote e-voting on or before 05.00 pm (IST) on Wednesday, 5th November, 2025. Members can login at e-voting platform any number of times till they have voted on the resolution. Once the vote on resolution is cast by a Member, whether partially or otherwise, Member shall not be allowed to change it subsequently or cast the vote again.

Voting rights shall be reckoned on the paid-up value of equity shares registered in the name of Members as on Friday, 3rd October, 2025 (Cut-off date). A person, whose name is recorded in the Register of Members of the Company or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the cut-off date shall only be entitled to cast their vote through remote e-voting. A person who ceases to be a Member as on cut-off date will not be entitled to vote and should treat this notice for information purposes only.

The Board of Directors of the Company have appointed Mr. Martinho Ferrao, Company Secretary (Membership no. FCS 6221 C.P. No: 5676), proprietor of M/s. Martinho Ferrao & Associates, Practicing Company Secretary, Mumbai, as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot through remote e-voting process in a fair and transparent manner.

Members who have not updated their email address are requested to register the same in respect of shares held by them in electronic form with the Depository through their Depository Participant and in respect of shares held in physical form to the Company at email: investor.mldl@mahindra.com and KFin at email einward.ris@kfintech.com in prescribed Form ISR-1 and other forms pursuant to applicable circulars issued by SEBI from time to time in this regard.

Members are requested to also intimate changes, if any, pertaining to their name, postal address, e-mail address, telephone/mobile numbers, Permanent Account Number (PAN), mandates, nominations, power of attorney, bank details such as, name of the bank and branch details, bank account number, MICR code, IFSC code, etc.:

a. For shares held in electronic form: to their Depository Participants (DPs).
b.For shares held in physical form: to the Company at email (investor.mldl@mahindra.com) / KFin at email (einward.ris@kfintech.com) in prescribed Form ISR-1 and other forms pursuant to applicable circulars issued by SEBI from time to time in this regard.

The manner of e-voting by Members holding shares in physical mode, dematerialised mode and those who have not registered their email addresses is provided in the Postal Ballot Notice. Members may request for a copy of the Postal Ballot Notice by writing to investor.mldl@mahindra.com or download from the website(s) as mentioned above.

Results of postal ballot will be announced on or before Friday, 7th November, 2025. The results declared along with the Scrutinizer's Report would be displayed on the Company's website at https://www.mahindralifespaces.com/investor-center/?category=postal and shall be communicated to the Stock Exchanges, disseminated through their website, BSE Limited at www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com and on the website of NSDL at https://www.evoting.nsdl.com/ .

In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on : 022 - 4886 7000 or send a request to Ms. Prajakta Pawle at evoting@nsdl.com. The grievances can also be addressed to the Company at investor.mldl@mahindra.com.

7th October, 2025
Mumbai

**By Order of the Board of Directors of**
**Mahindra Lifespace Developers Limited**
**Sd/-**
**Amit Kumar Sinha**
**Managing Director & CEO**

---

## EIH Limited

A MEMBER OF THE OBEROI GROUP

**Regd. Office:** N-806-A, 8th Floor, Diamond Heritage Building, 16, Strand Road, Fairley Place, Kolkata, West Bengal - 700001
**CIN:** L55101WB1949PLC017981
**Website:** www.eihltd.com **E-mail:** isdho@oberoigroup.com
**Phone:** 91-11-23890505

### NOTICE

Notice is hereby given that the Company has received a request from one shareholder of the Company for issue of letter of confirmation in lieu of Duplicate Share Certificate as he has reported loss/ misplacement of the original share Certificate(s). Any person who has claim or representation against issue of letter of confirmation to the below mentioned shareholder should write to the Company within 7 days of the publication of this notice, failing which it will be assumed that he/she has no claim or objection and the Company will proceed to issue of letter of confirmation to the shareholder in accordance with law and the original certificate, thereafter, shall stand cancelled:

| S. No. | Name of shareholder | Certificate | Folio | Distinctive number | | No. of shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | From | To | |
| 1. | Kulwant Singh Kohli<br>Jt 1: Mohinder Kaur Kohli | 1372479<br>1402939 | 209082 | 53298301<br>288612018 | 53301495<br>288613614 | 3195<br>1597 |

For **EIH Limited**
Sd/-
**Lalit Kumar Sharma**
Company Secretary

Place : Delhi
Date : 6th October 2025

---

## स्टेट नोडल एजेंसी – RAMP

मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित
चतुर्थ तल पंचानन भवन, मालवीय नगर, भोपाल
दूरभाष क्रमांक : 0755- 2673142, 3523180 (For online help)
Mail ID : ramp-mplun@mp.gov.in, support.lun@mp.gov.in

### ई-निविदा सूचना क्रमांक 05- A /2025-26

स्टेट नोडल एजेंसी–RAMP, म.प्र. लघु उद्योग निगम द्वारा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सिस्टम के माध्यम से निम्नलिखित IT सेवाओं हेतु दर अनुबंध के आधार पर, **दिनांक 30.10.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे तक** निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| S. No. | Tender No. | Name of Product | EMD/ PG | Last Date of Bid Submission |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25001-A | Selection of IT Service Provider for Design, Development and Maintenance of Integrated Portal for MSMEs and ERP Solution for MPLUN. | 20.00 Lakh (रु. बीस लाख मात्र) | 30.10.2025 |

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु पात्रता, पूर्ण निविदा दस्तावेज, निविदा आमंत्रण सूचना, निविदा शर्तें आदि की जानकारी mptendering पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा में भाग लेने के लिए उक्त पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक है।

म.प्र. माध्यम/122438/2025 **प्रबंध संचालक**

---

POONAWALLA FINCORP

## POONAWALLA FINCORP LIMITED

**Corporate Office : Unit No. 2401, 24th Floor, Altimus, Dr. G M Bhosale Marg, Worli, Mumbai – 400 018 (Maharashtra)**
**Registered Office : 201 and 202, 2nd Floor, AP81, Koregaon Park Annex, Mundhwa, Pune – 411 036 (Maharashtra)**

**DEMAND NOTICE UNDER SECTION 13(2) OF THE SARFAESI ACT, 2002**

You the below mentioned Borrowers/ Co-borrowers have availed Home loans/Loans against Property facility (ies) by mortgaging your Immovable property/ies from Magma Fincorp Ltd "MFL" now renamed as Poonawalla Fincorp Ltd "PFL". You defaulted in repayment and therefore, your loan/s was classified as Non-Performing Assets. A Demand Notice under Section 13(2) of Securitisation and Reconstruction of Financial Asset and Enforcement of Security Interest Act 2002 for the recovery of the outstanding dues sent on last known addresses however the same have returned un-served. Hence the contents of which are being published herewith as per Section 13(2) of the Act read with Rule 3(1) of The Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 as and by way of Alternate Service upon you.

Details of the Borrowers, Co-borrowers, Securities, Outstanding Dues, Demand Notice sent under Section 13(2) and Amount claimed there under are given as under

| SL. No. | Name of the Borrowers, Co-Borrowers and Loan Amount | Details of the Secured Asset | Demand Notice Date | Amount Due in Rs. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | **MANPREET TEXTILES**<br>**JASBIR SINGH**<br>**MANPREET SINGH**<br>**MANJEET KAUR**<br>**Loan Amount**<br>Rs. 1,82,69,138/- (Rupees One Crores Eighty Two Lacs Sixty Nine Thousand One Hundred Thirty Eight Only)<br>**Loan No.**<br>LAP0039100000005155447 | ALL THAT PROPERTY BEING HOUSE CUM PLOT NO. 290-G, M.C NO. B-35-290-G, PROPERTY MEASURING 250 SQ.YDS COMPRISED IN KHASRA NO. 42//9, KHATA NO. 546/654 AS PER JAMABANDI FOR YEARS 2011-2012 SITUATED AT VILLAGE SUNET, H.B NO. 159 ABADDI KNOWN AS BHAI RANDHIR SINGH NAGAR, BLOCK G TEHSIL AND DISTT. LUDHIANA.<br>**BOUNDARIES AS PER UNDER:**<br>**EAST:** PLOT NO.291-G ADM. 60'10"<br>**WEST :** ROAD 20' WIDE ADM. 60'10"<br>**NORTH :** ROAD 30" WIDE ADM.37'<br>**SOUTH:** PROPERTY OF IMPROVEMENT TRUST ADM. 37' | 12.08.2025 | **Rs. 1,87,92,780/-** (Rupees One Crores Eighty Seven Lacs Ninety Two Thousand Seven Hundred Eighty Only) and interest till 12.08.2025 is due and payable by you along with future interest **@10.65 %** per annum. |

You the Borrower/s and Co-Borrower/s are therefore called upon to make payment of the above mentioned demanded amount with further interest as mentioned hereinabove in full within 60 Days of this Notice failing which the undersigned shall be constrained to take action under the act to enforce the above-mentioned security/ies. Please Note that as per Section 13(13) of The Said Act, You are in the meanwhile, restrained from transferring the above-referred securities by way of sale, lease or otherwise without our consent.

Place : Ludhiana (Punjab)
Date : 07.10.2025

Authorised Officer
**For Poonawalla Fincorp Limited**

---

## VINYL CHEMICALS (INDIA) LIMITED

**CIN:** L24100MH1986PLC039837
**Regd. Office:** Regent Chambers, 7th Floor, Jamnalal Bajaj Marg, 208, Nariman Point, Mumbai 400 021.
**Tel:** 22822708/69829000; **Website:** www.vinylchemicals.com

**NOTICE FOR SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUEST OF PHYSICAL SHARES**

Pursuant to SEBI circular no. SEBI/HO/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated 2nd July, 2025, all Shareholders are hereby informed that a special window is being opened for a period of 6 months from **7th July, 2025 to 6th January, 2026** to facilitate re-lodgement of transfer deeds, which were lodged prior to the deadline of 1st April, 2019 and rejected or returned/not attended due to deficiency in the documents, or were not processed due to such other reasons.

The concerned investors are requested to re-lodge the transfer request of physical shares, to our Registrar and Transfer Agents (RTA), M/s. MUFG Intime India Private Limited, Unit: Vinyl Chemicals (India) Limited, C-101, 1st Floor, 247 Park, LBS Marg, Vikhroli (West), Mumbai 400083, within the above-mentioned timelines.

We urge all the relevant investor(s) to take advantage of this one-time window.

For **Vinyl Chemicals (India) Limited**
Sd/-
**Aarti Falorh**
**Company Secretary**
**FCS 8726**


Place: Mumbai
Date : 6th October, 2025

---

In fast or fragile markets, insight brings perspective.

Decode market moves with sharp, fast, expert analysis — *every day* with **Stocks in the News** in Business Standard.

To book your copy, SMS **reachbs** to **57575** or email **order@bsmail.in**



Business Standard
Insight Out

---

YES BANK

**Registered & Corporate Office:**
**YES BANK Limited :** YES BANK House, Off Western Express Highway, Santacruz (E), Mumbai - 400055, India.
**Tel:** +91(22) 5091 9800/+91(22) 6507 9800 | **Fax:** +91 (22) 2619 2866 | **Website:** www.yesbank.in
**Email:** stress.management@yesbank.in | **CIN:** L65190MH2003PLC143249

### INVITATION OF EXPRESSION OF INTEREST FOR PARTICIPATION IN SALE OF STRESSED LOANS

**YES BANK Limited ("Bank")** invites Expression of Interest **("EOI")** for inviting bid(s) in the proposed sale of the below mentioned stressed loan exposure(s) of the Bank *(on a portfolio basis)*, over and above the identified base reserve price of Rs. 30.88 Crores *(Rupees Thirty Crores Eighty-Eight Lakhs)* for Portfolio I (Secured Loan) and Rs. 22.52 Crores *(Rupees Twenty-Two Crores Fifty-Two Lakhs)* for Portfolio II *(Unsecured Loan)* of the Bank respectively, in terms of the extant guidelines of Reserve Bank of India under a Swiss Challenge Auction Method **("Sale Process").** The stressed loan exposure(s) are being offered for sale on a *"100 % upfront cash basis"*:

PORTFOLIO I *(SECURED LOAN):*

| Portfolio level | Principal Outstanding *(Rs. in Cr)* as on July 20, 2025* | Average Write-Off Vintage | Reserve Price *(Rs. in Cr)* |
|---|---|---|---|
| Wheels | 230.33 | Above 18 months | 30.88 |
| **Total (at Portfolio level)** | **230.33** | | |

PORTFOLIO II *(UNSECURED LOAN):*

| Portfolio level | Principal Outstanding *(Rs. in Cr)* as on July 20, 2025* | Average Write-Off Vintage | Reserve Price *(Rs. in Cr)* |
|---|---|---|---|
| Personal Loan | 361.18 | Above 12 months | 22.52 |
| Business Loan | | | |
| Credit Card | 111.45 | | |
| **Total (at Portfolio level)** | **472.63** | | **22.52** |

** The stated outstanding is as on the date mentioned above and may vary at the time of actual sale.*

Eligible interested applicants, basis formal process, may seek access to the bid document by sending an email to ***stress.management@yesbank.in*** mentioning ***"Sale of Retail portfolio – EOI Advertisement dated October 07, 2025"*** as the subject line. The eligible interested applicants shall submit their EOI along with a duly signed and adequately stamped Non-Disclosure Agreement (formats prescribed in the bid document) on or ***before 5:00 p.m. of October 10, 2025,*** post which access to the data room may be provided as per terms of the bid document. This invitation of EOI is subject to the terms of the bid document and the selection of the anchor bid will be governed by the terms of the bid document.

The sale is on **"as is where is", "as is what is", "whatever there is"**, and **"without recourse"** basis to the Bank. The Bank reserves the right to modify, alter, and/or amend the terms of the Sale Process and the bid document including the prescribed timelines, and/or to cancel the Sale Process at any stage and/or accept or reject any EOI, with or without assigning any reason thereof *(which decision will be final, binding and conclusive)*, without any liability to any person whatsoever.

**Place: Mumbai**
**Date: October 07, 2025**

**Resolution and Recoveries**